# हरिभूमि इस्पात भूमि


रायपुर, रविवार, 18 मई 2025



10 उरला में जनप्रतिनिधि और वार्डवासी भिड़े





10 गर्मी से राहत के लिए संस्था ने स्कूलों में बांटे पंखे











## आरक्षक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** साइटिका बीमारी से परेशान आरपीएफ की महिला आरक्षक रमा ध्रुव ने अपने किराए के मकान में फांसी लगातर आत्महत्या कर ली। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मृतका दुर्ग आरपीएफ में पदस्थ है। वह साइटिका नामक बीमारी से जूझ रही थी। थाना प्रभारी केशव कोसले के मुताबिक मृतका मूलतः बिलासपुर जिले के पाली की रहने वाली है।






### युवती का दैहिक शोषण, आरोपी की दूसरी युवती से सगाई के बाद खुला मामला

# कांग्रेस नेता ने 10 साल तक पत्नी बनाकर रखा फोटो वायरल करने दी धमकी, गर्भपात कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



शादी का प्रलोभन देकर युवती से अनाचार करने वाले रेत कारोबारी और युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव आमिर सिद्धिकी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2), (ढ),313 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी आमिर सिद्धीकी 35 वर्ष की युवती से मुलाकात अप्रैल 2015 को दुर्ग में हुई। एक दूसरे का मोबाइल नंबर आदान-प्रदान हुआ। युवती कॉलेज की पढ़ाई करती थी, तब मोबाइल पर एक दूसरे से बातचीत किया करते थे। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। इस दौरान आमिर सिद्धीकी युवती को अपने दोस्त के घर दुर्ग लेकर गया, जहां जबरन उसके साथ अनाचार किया। युवती ने जब इसका विरोध किया तो उसे शादी का प्रलोभन देकर उसे शांत करा दिया। समय बीतने के बाद युवती ने आमिर को शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया। तब आरोपी ने युवती को धर्म बदलकर निकाह करने बोला। लेकिन युवती ने धर्म बदलने से इंकार कर दिया। इसी तरह दस साल गुजर गए, लेकिन दोनों के बीच रिलेशन लगातार चलता रहा। इस दौरान युवती वर्ष 2022 को गर्भवती हुई तो आरोपी ने दुर्ग के नर्सिंग होम ले जाकर गर्भपात भी करा दिया। युवती को आमिर ने धमकी दी कि उसकी फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल कर देगा। उसके बाद युवती के मोबाइल नंबर को आमिर ने ब्लॉक कर दिया।

### गायत्री मंदिर में रचाई शादी, नहीं बदला धर्म

आरोपी आमिर ने युवती के लगातार शादी का दबाव बनाने के कारण गायत्री मंदिर ले जाकर उसके साथ शादी की। युवती का भरोसा जितने के लिए आमिर मैरिज प्रमाण पत्र बनाकर उसे दिखा दिया। उसके बाद आमिर के परिजनों को शादी की जानकारी हुई तो इससे इंकार कर दिया। आमिर ने युवती को दूसरी जगह अलग मकान किराए पर लेकर दस साल तक रखा हुआ था। इस बीच आमिर के परिजनों ने उसकी सगाई अन्य युवती से कर दी। इसकी जानकारी जैसे ही पीड़िता को हुई घटना की शिकायत करने पुलिस थाने पहुंच गई।

### पांच साल की मासूम से अनाचार

**भिलाई।** पांच साल की मासूम से अनाचार का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने नाबालिग आरोपी के खिलाफ धारा 64 बीएनएस, 65 (2) बीएनएस, पाक्सो के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि 13 वर्षीय बालक ने 5 साल की बच्ची के साथ अनाचार किया है। घटना 16 मई की है। आरोपी और मासूम बच्ची एक साथ चिप्स खरीदने दुकान गए हुए थे। मासूम अपने चाचा के साथ घर पर खेलने गई हुई थी। घर लौटने पर मासूम की मां को संदेह होने पर उससे पूछताछ करने पर बताया कि उसके चाचा ने उसके साथ गलत काम किया।

## नशे की हालत में उपजे विवाद के बाद दोस्त को मौत के घाट उतारा, आरोपी को आजीवन कारावास

**दुर्ग।** नशे की हालत में उपजे विवाद के बाद दोस्त पर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावस से दंडित किया। न्यायाधीश दीपक कुमार कोशले के न्यायालय से यह फैसला आया। कोर्ट ने 100 रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। शासन की तरफ से मामले में पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजकक नंदिनी चंद्रवंशी ने की। प्रकरण के मुताबिक घटना 10 मई 2023 की सुबह करीब 8 बजे की बताई गई है। इससे पहले 9 मई की रात मृतक निखिल उर्फ गुल्लू बंजारे और आरोपी मुकेश पिता मेहतरू मिर्ची मुर्गा सब्जी बनाकर गांव के मंगल भवन में बैठकर नशा कर रहे थे। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच दोनों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। तभी मुकेश मिर्ची ने उसके पुत्र निखिल बंजारे का मोबाइल फोन जमीन पर पटक दिया। दोनों में विवाद बढ़ गया। इस बीच निखिल के पिता और प्रार्थी उत्तम बंजारे के समझाने पर दोनों अपने-अपने घर चले गए। निखिल घर में आकर सो गया। 10 मई की सुबह करीबन 7.30 बजे निखिल घर से घूमने के लिए मानसिंह सतनामी के किराना दुकान गली तरफ गया। मुकेश मिर्ची ने हाथ में टंगिया पकड़कर निखिल को मार रहा था। मुकेश मिर्ची पास में पड़े पत्थर से निखिल पर वार किया। बाद में निखिल की मौत हो गई।

### 4 एक्सप्रेस ट्रेनों में एसी-3 इकोनॉमी अतिरिक्त कोच

**भिलाई।** यात्रियों की सुविधा के लिए बिलासपुर जोन से चलने वाली 4 एक्सप्रेस ट्रेनों में एक अतिरिक्त एसी-3 इकोनॉमी कोच स्थायी रूप से जोड़ा जा रहा है। यह व्यवस्था यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए की गई है। दुर्ग-अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस (18241/18242) में 20 मई और अंबिकापुर से 21 मई से शुरू होगी। अंबिकापुर-शहडोल-अंबिकापुर (18756/18755) में भी एक अतिरिक्ति एसी-3 इकोनॉमी कोच की सुविधा 21 मई से दोनों दिशाओं में उपलब्ध होगी।







## 14 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच

**भिलाई।** जिले में कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने तीन एएसआई, दो हवलदार समेत 14 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच किया है। जिसमें एसीसीयू सउनि पूर्ण बहादुर, भिलाई नगर शमित मिश्रा, ट्रैफिक विनोद सिंह, हवलदार सुपेला जसपाल सिंह, एसीसीयू चंद्रशेखर वंजीर और आरक्षको में एसीसीयू अनूप शर्मा, संतोष गुप्ता,पन्ने लाल,विक्रांत यदु, शहबाज खान नेवई शमिम खान, छावनी अमित दुबे ,बोरी जुनैद सिद्धीकी, खुर्रम बक्श को पुलिस लाइन अटैच किया गया है। बताया जा रहा है कि जिले के कुछ और थानेदारों पर गाज गिरने वाली है।










# आय से अधिक संपत्ति की होगी जांच, फिर से खुलेगी भ्रष्टाचार की फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अंजोरा स्थित दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विवि के विवादित परिविक्षाधीन सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के निर्देश दिए जाने से हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। यही नहीं इंजीनियर के पूर्व घोटाले की जांच के लिए भी राज्य शासन द्वारा जांच टीम गठित किए गए है। ऐसा माना जा रहा है कि, अब इस मामले में दोतरफा जांच के बाद बडी कार्यवाही हो सकती हैं।

संबंधित इंजीनियर की नियम विरूध्द भर्ती और उनके द्वारा किए गए पूर्व में गडबडी शिकायत की गई थी। जिस पर विवि के कुल सचिव ने जांच टीम गठित कर दी है। जांच टीम में अध्यक्ष डां एसपी इंगोले, प्राध्यापक अंजोरा, सदस्य डां एसएल अली प्राध्यापक व ममता अवस्थी, वित्त अधिकारी होगें।

इन्हें कुलसचिव द्वारा जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय हैं कि, पिछले आठ साल के कार्यकाल में सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख पर कई आरोप लगे है। जिसमे वे दोषी भी पाए गए थे। वर्ष 2016 के विवि भवन निर्माण में 29 करोड के भारी गड़बड़ी किया। जिसकी बकायदा हाईपावर कमेटी द्वारा गठित कर जांच कराई गई, जिसमें अफसर सहित अन्य दोष सिध्द भी हो चुके है। निविदाओं को पंजीकृत पोस्ट व स्पीड पोस्ट के बजाय मैनुअली आमंत्रित कर उसे ड्रॉप बॉक्स में डलवा कर अपने चहेते ठेकेदारों को (व्यक्तिगत) निविदा बांटी गई थी। इस मामले की शिकायत के बाद विश्वविद्यालय ने डॉ एसपी तिवारी अधिष्ठाता की अध्यक्षता में हाई पावर जांच समिति गठित की गई। कमेटी ने जांच में उक्त सहायक अभियंता देशमुख सहित पूर्व कुलपति यूके मिश्र, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता संतोष अग्रवाल, तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन अभियंता पीसी शर्मा को भी दोषी सिद्ध किया था। इन सभी ने मिलकर टेंडर नियमों में कूटरचना की थी। जांच अधिकारी रिटायर्ड हो गए, लेकिन दोषी अधिकारी वही के वहीं जमे है।

## सरकार बदलते ही जांच के निर्देश, आय से अधिक संपत्ति का मामला

### इस तरह के सामने आ चुके मामले

इंजीनियर के मामले में शिकायतकर्ता की गई थी। जिसमें टेंडर 2 से 3 प्रतिशत कम में अपने चहेते ठेकेदारों को सांठ-गांठ कर दिये गये। इस टेंडर से लगभग 18 प्रतिशत का शासन को नुकसान हुआ है। जो किं 5 करोड़ के लगभग है। शिकायतकर्ता के शिकायत और जांच के बीच अचानक निर्माण कार्य के मेजरमेंट बुक गायब हो गए। इसके लिए भी अलग से जांच कमेटी गठित की गई थी। विश्वविद्यालय द्वारा डॉ पीएल चौधरी की अध्यक्षता में 28 जून 2019 को करवाई गई, वही तकनीकि जांच में भी उक्त सहायक अभियंता दोषी सिद्ध हो चुके है।



### तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

विवि में आय से अधिक संपत्ति मामले की शिकायत के बाद विवि ने टीम गठित कर दी है। जांच टीम इंजीनियर के पूर्व कार्यकाल में किए गए भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच करेगी। इसके पूर्व कुलसचिव आरके सोनवाने रहे है। सूत्रों की माने तो उनके संरक्षण में ही जांच सिध्द होने के बाद भी कार्यवाही नही हुई थी। लेकिन उनके यहां से तबादला होने के बाद जांच होने की उम्मीद हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविर महज दिखावाबाजी : धीरज बाकलीवाल



**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व महापौर व शहर के लोकप्रिय कांग्रेस नेता श्री धीरज बाकलीवाल ने सुशासन तिहार और समाधान शिविर को महज दिखावा बताया है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में खाली पड़ी कुर्सियाँ इस बात का संकेत हैं कि जनता को ऐसे आयोजनों पर कोई विश्वास नहीं है। निगम महापौर और आयुक्त को शहर के वास्तविक विकास की दिशा में कार्य करना चाहिए। श्री बाकलीवाल ने आगे कहा कि सुशासन तिहार में जमा होने वाले अधिकांश आवेदन बुनियादी समस्याओं से जुड़े होते हैं। कोई बिजली की समस्या से परेशान है, तो कोई पानी तथा सड़क-नाली के निर्माण की मांग कर रहा है। वर्तमान में नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट तक उपलब्ध नहीं हैं। पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए बोरिंग की सामग्री की खरीदी तक नहीं की गई है। सड़क और नाली निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं आ रही है।उन्होंने कहा कि निगम महापौर का महासफाई अभियान अब तोड़फोड़ अभियान बनकर रह गया है। सफाई का काम पूरी तरह ठप है, लेकिन बिना योजना की तोड़फोड़ बेरोकटोक जारी है, जिससे शहर की जनता बेहद परेशान है।

## आनावारी रिपोर्ट : 28 गांव में शत-प्रतिशत धान की पैदावारी, पिछले साल से बेहतर

# दो दर्जन गांव में छलका धान का कटोरा, जिले में 80 फीसदी उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में वर्ष 2024-25 में धान का उत्पादन बेहतर होने का आंकडा सामने आया है। जारी किए गए आनावारी रिपोर्ट के अनुसार खरीफ में धान की अच्छी पैदावारी रही हैं। जिले के 28 ग्रामों में सौ प्रतिशत से अधिक आनावारी दर्ज की गई, वहीं 430 ग्रामों में से 328 में आनावारी 80 प्रतिशत से अधिक रही।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, फसल कटाई प्रयोग के आधार पर आनावारी रिपोर्ट तैयार की गई हैं। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 448 ग्राम है, इनमें से 18 ग्राम फसल विहीन है। जहां कृषि नहीं होती हैं, वहीं शेष 430 ग्रामों में धान की फसल ली गई थी। जहां रेण्डमली कृषि भूमि वाले खसरे से ग्रामवार फसल कटाई प्रयोग लिए गए। फसल कटाई प्रयोग के आधार पर इन ग्रामों की आनावारी रिपार्ट तैयार की गई हैं।

### बेहतर मौसम से उत्पादन पर रहा लाभकारी प्रभाव से किसानों में उत्साह



### बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले में हुई बेहतर उपज

आनावारी रिपोर्ट के अनुसार जिले में गत वर्ष के मुकाबले खरीफ 2024-25 में धान की फसल अच्छी रही हैं। गत वर्ष मात्र 15 ग्रामों में सौ प्रतिशत से अधिक आनावारी थी, जबकि इस बार 28 ग्रामों में शत प्रतिशत से अधिक आनावारी है। गत वर्ष ज्यादातर ग्रामो में 70 से 80 प्रतिशत आनावारी थी। इस बार ज्यादातर गांवों में 80 से 90 प्रतिशत तक आनावारी दर्ज की गई है।

### जिले में 3 फीसदी की हुई वृद्धि

इस बार 63 प्रतिशत से कम आनावरी कहीं नहीं है। पिछली बार बहुत से ग्रामों में 60 प्रतिशत से भी कम आनावारी थी। मतलब इस बार धान के उत्पादन में अच्छी खासी पैदावारी दर्ज की गई हैं। खरीफ 2024-25 मे 23 ग्रामों में 90 से 100 प्रतिशत आनावारी रही, वहीं 277 ग्रामों 80 से 89 प्रतिशत आनवारी दर्ज की गई। इसी प्रकार 91 ग्रामों में 70 से 79 एवं 11 ग्रामों में 63 से 69 प्रतिशत आनवारी रही।

### बघेरा गांव में 125 प्रतिशत आनावारी

शहरी बेल्ट की बात करे तो जिले में सबसे ज्यादा 125 प्रतिशत आनावारी ग्राम बघेरा में रही, वहीं सबसे कम जंजगिरी एवं अरमरीखुर्द में रही। इन दोनो ग्रामों 63-63 प्रतिशत आनावारी रही। ये है फसल विहीन ग्राम जहां कृषि नहीं होती फसल विहीन 28 ग्रामों में 11 बीएसपी अर्जित ग्राम है। इनमें दुर्ग तहसील के ग्राम खुर्सीपार, हिंगना, बोरया, सोढ़, नेवई, मरौदा, कोटरा भाठा, जोरातराई, नवागांव, बावली एवं भिलाई 3 तहसील के ग्राम पुरैना शामिल है। इसी प्रकार दुर्ग तहसील के 7 ग्राम ऐसे है, जो पूर्णतया शहरी ग्राम होने से कृषि नहीं होती। इनमें दुर्ग तहसील के ग्राम तितुरडीह, हथखोज, छावनी, आमदी, कोसा, रुआबांधा एवं सुपेला शामिल है।

# उरला में जनप्रतिनिधि और वार्डवासी भिड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के उरला वार्ड में कचरा प्लांट हो लेकर शनिवार को भी गहमागमी की स्थिति निर्मित रही। शनिवार को निरिक्षण करने महापौर सहित एमआईसी सदस्य वार्ड पहुंचे थे।

■ सुबह वार्ड में बैठक के बाद निकाला गया रास्ता

जहां तनाव के बाद वार्डवासियों को यह समझाया गया कि, वार्ड से दूर सरकारी जमीन पर प्लांट लगाया जाएगा। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

एक दिन पहले शुक्रवार को वार्डवासी कचरा फेंकने और प्लांट लगाने के विरोध में नगरनिगम पहुंच गए थे। यहां वार्डवासियों के प्रदर्शन के बाद महापौर अल्का बाघमार के साथ उनकी बैठक भी हुई थी। बैठक में तय किया गया है कि, मौके पर वार्डवासियों को प्लाट लगने वाले जमीन की जानकार दी जाएगी। जिसके तहत महापौर और सभापति श्याम शर्मा सहित एमआईसी मेंबर वार्ड पहुंचे थे। सुबह महापौर वार्डवासियों से बैठक कर रही थी।

जहां बीच-बीच में तनाव की स्थिति भी निर्मित हुई। एमआईसी सदस्यों के बात करने का रौब देखकर वार्डवासी में भी आक्रोश की स्थिति निर्मित गई थी। इस दौरान श्याम शर्मा, नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर सहित अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे थे।

### जनप्रतनिधियों से विवाद का वीडियो वायरल

उरला में महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य एमआईसी सदस्यों के तनावपूर्ण बातचीत का वीडियों भी सोशल मिडियो में जमकर वाइरल हो रहा है। जिसमें सभापति बेहद आक्रमख रूप से वार्डवासियों से बात कर रहे थे। उरला वार्ड में शनिवार को हुई घटना दिनभर चर्चा का विषय बना रहा।

# गर्मी से राहत के लिए संस्था ने स्कूलों में बांटे पंखे



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश में मानवता को समर्पित जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा आज 20 स्कूलों में बच्चों की सुविधा के लिए पंखों का वितरण किया गया। जन समर्पण सेवा संस्था जो कि विगत 8 वर्षों से पूरे जिले में मानव सेवा पशु-पक्षियों की सेवा कर रही है।

संस्था के द्वारा विगत 8 वर्षों से बिना रुके प्रतिदिन शहर में लगभग दो सौ से अधिक जरूरतमंदों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में इस संस्था द्वारा इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के दाना पानी हेतु पूरे जिले में हजारों सीमेंट के कोटने मिटटी के सकोरे का वितरण किया गया था जो कि शहर का एक मिसाल सेवा कार्य रहा। जन समर्पण सेवा संस्था के सदस्यों के द्वारा वर्तमान में स्कूल बंद होने पर शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर वहां की जरूरत की सामग्री की जानकारी ली और सदस्यों ने देखा कि शहर की कुछ स्कूल है जहां बंच्चो की पढ़ाई के लिए सबसे अधिक जरूरी उनकी कक्षा में पंखा नही लगा है।

### विधायक रहे मौजूद

कार्यक्रम में दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में संस्था द्वारा विगत 8 वर्षों से की जा रही सेवा कार्य की प्रशंसा की और शिक्षकों को हर जरुरतमंद बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को लगातार किये जा रहे सेवा कार्य की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने किया।


## मोबाइल और बैग छिनकर फरार होने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** राहगीरों से मोबाइल, बैग छिनकर फरार होने वाले युवक व तीन अपचारी बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि श्याम नगर केम्प-2 निवासी टेक प्रताप बंजारे ने जामुल पुलिस थाने में शिकायत किया था। 16 मई की रात बहन को लेकर शिवपुरी जामुल छोड़ने जा रहा था। इस दौरान एसीसी अंडर ब्रिज के आगे नहर रोड पर कुछ युवक खडे थे। युवकों ने धक्का देकर पीड़ित की बहन का बैग, मोबाईल झपट कर अपने साथ लेकर फरार हो गए। दूसरी वारदात उसी रात शिवपुरी जामुल निवासी गणेश राम निषाद के साथ हुआ था। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए संदेहियों की तलाश में जुट गई। संदेही रूपेश भारती उर्फ तोता को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को तीन अपचारी बालकों के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया।

## मेयर ने कहा समस्याओं की गठरी न बांधे, तत्काल निराकरण करें

**दुर्ग।** महापौर अल्का बाघमार द्वारा लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर के साथ अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। महापौर श्रीमती बाघमार ने अधिकारियों वार्ड-वार कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ठेकेदारों के भरोसे न रहकर स्वयं फील्ड का दौरा करें और कार्यों की प्रगति देखें। उन्होंने शासकीय काम-काज में आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। बैठक में कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,वीपी मिश्रा, राजकुमार, संजय ठाकुर, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, विनोद मांझी,अपर्णा मिश्रा, प्रेरणा दुबे, करण यादव सहित अधिकारी, निगम के समस्त ठेकेदार मौजूद रहें।




**न्यायालय नायब तहसीलदार, भिलाई-3**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भः- जिला-दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न.-00007 देवबलौदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425430300500007

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00007 के अंतर्गत ग्राम देवबलौदा के वर्तमान भूमिस्वामी रेवती बाइ बे बाबूलाल पिता/पति-पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 272(0.4900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कोमलचंद साहू पिता/पति-पिताम्बर साहू पता-देवबलोदा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/05/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
भिलाई-3, जि. दुर्ग छ.ग.

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि विक्रेता रमेश पिता इतवारी उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम मुर्रा, तह. अहिवारा, जिला दुर्ग छ.ग. से उनके स्वत्व एवं धारण की कृषि भुमि स्वामी हक की कृषि भुमि स्थित है जो मौजा सुरजीडीह, प.ह.नं. 19/50, रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग, छ.ग. जिसका ऋण पुस्तिका क्र. पी-2094395, खसरा क्र. 45-(0.62), 54-(0.50), कुल रकबा 1.12 हे. है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बियाने की राशि दे दी है जिसकी पंजियन की कार्यवाही अतिशीघ्र होनी है।

अतः उपरोक्त संपत्ति एवं सौदा के बाबत किसी व्यक्ति, वारिसान सीमावर्ती भुमिस्वामी बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय विभाग कार्यालय नगर पंचायत अथवा किसी अन्य को आपत्ति या दावा हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिनो के अन्दर अपनी आपत्तिमय दस्तावेजी साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार को मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार के कर्ज भारो वो विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजियन करा लेवेगा।

अतः सूचना जाने।

स्थानः-कुम्हारी, दिनाकः-15/05/2025

भवदीय
ASHWANI KUMAR BHARTI
(ADVOCATE)
Batra Complex, Near SBI,
G.E.Road Kumhari, Durg (C.G.)
Mo. 6265107567

**-:: नाम परिवर्तन ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मन के मय मोहम्मद खुर्शीदुल्लाह पिता श्री मोहम्मद इस्लाम निवासी 281, शहीद भगत सिंह मार्ग, इन्द्रा चौक, रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ का हूँ।

जो कि निम्नलिखित बयान शपथपूर्वक पेश करता हूँ-

1. यह कि मैं उक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरे अंकसूची में मेरे पिता का नाम इस्लाम (ISLAM) दर्ज है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम मोहम्मद इस्लाम (MOHAMMAD ISLAM) दर्ज है।
4. यह कि वर्तमान में मेरे पिता को इस्लाम (ISLAM) के नाम से जाना पहचाना जाये।
5. यह कि उपरोक्त लिखित दोनों नाम इस्लाम (ISLAM) एवं मोहम्मद इस्लाम (MOHAMMAD ISLAM) मेरे पिता के ही नाम है।
6. यह कि शपथपत्र दोनों नाम मेरे पिता के होने के लिए सादर प्रस्तुत है।

अतः यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता



## खबर संक्षेप

### चौहान टाउन में नगर निगम ने की वादाखिलाफी

**भिलाई।** चौहान टाउन के निवासियों ने नगर निगम से जल कनेक्शन के लिए 6,24000 की राशि सोसायटी निगम में जमा कराकर इस अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने में लगभग 6 लाख का खर्च स्वयं कालोनीवासियों ने किया बावजूद इसके आज तक स्थायी जल आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है। जोन 1 के अधिकारी अजय सिंह, पुरान सिन्हा और महापौर नीरज पाल ने टाउन का दौरा किया था। उन्होंने मौके पर आकर सभी समस्याओं का जायजा लिया और तत्काल सामाधान के लिए आश्वासन दिया। किन्तु एक महीने बाद भी पानी की समस्या का निराकरण नहीं किया है। लाखों रूपये खर्च करने बाद भी पानी समस्या दूर नहीं की जा सकी। इससे लोगों में व्याप्त है। यदि इसका शीघ्र सामाधान न किया गया तो चौहान टाउन के लोग उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### अवैध कब्जाधारियों पर की कार्रवाई



**कुम्हारी।** नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र 13 एवं 16 परसदा में शासकीय भूमि में अवैध कब्जा हटाने के लिए गुरुवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी पूर्व में परस राम साहू पिता खाता राम एवं हृदय राम साहू पिता राम गुलाल को नोटिस तामिल किया गया था, जिसमें कब्जाधारियों द्वारा किसी भी प्रकार का संतोषजन स्पष्टीकरण जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के निर्देशानुसार नगर पालिका के राजस्व शाखा की संयुक्त टीम एवं पटवारी के द्वारा अवैध कब्जा बाउण्ड्रीवाल हटाने की कार्यवाही की गई एवं मकान व दुकान हटाने के लिए 22 मई 2025 तक अवैध कब्जा खाली करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## निधन

### मनोज चंद्र वर्मा

**भिलाई।** नेहरू नगर निवासी



मनोज चंद्र वर्मा का आकस्मिक निधन 16 मई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 17 मई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रखर वर्मा के पिता थे।

### मीरा बाई साहू

**भिलाई।** परसदा कुम्हारी निवासी कृषक अंकालू राम साहू की पत्नी



मीरा बाई साहू उम्र 58 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार परसदा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे भूपेन्द्र, प्रदीप, कमलेश, खिलेश व प्रवीण साहू की मां और भिलाई -3 चरोदा निगम कबड्डी संघ सचिव राजेंद्र साहू की बड़ी बहन थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर: जवानों की सफलता को बनाया यादगार, शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आपरेशन सिंदूर के सफल होने पर नगर पालिक निगम रिसाली ने शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली का नेतृत्व किया। महापौर शशि सिन्हा ने देश भक्ति नारे लगाकर राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। शहीद स्मारक के पास शहीदों को पुष्प अर्पित किया गया। तिरंगा यात्रा निगम क्षेत्र के रिसाली स्थित दशहरा मैदान से सुबह 10 बजे शुरू हुई। आरंभ में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर रैली में शामिल नागरिक जनप्रतिनिधि और निगम के कर्मचारियों से मुलाकात करते हुए संदेश दिया कि भारत देश हमेशा अखण्ड रहेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आतंकवाद को मिटाने शुरू हुए अभियान ऑपरेशन सिंदुर सफल रहा। वे सेना के तीनों टुकड़ी में शामिल जवानों को नमन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के सभापति केशव बंछोर, एमआईसी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, पार्षद ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, विधि यादव, रमा साहू, माया यादव, सरिता देवांगन, सांसद प्रतिनिधि दिपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू समेत नागरिक उपस्थित रहे।

### रिसाली में हाथों में तिरंगा लेकर विधायक और नागरिकों ने निकाली रैली




### तिरंगा यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश व विधायक रिकेश हुए शामिल



**भिलाई।** आपरेशन सिंदूर की सफलता और राष्ट्र जागरूकता को लेकर शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह, भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन आदि शामिल हुए।

### भिलाई निगम ने निकाली तिरंगा यात्रा

**भिलाई।** गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए सुभाष चंद्र बोस चौक प्रदर्शनी परिसर से तिरंगा यात्रा निकली गई। यह यात्रा सुपेला घड़ी चौक से पावर हाउस होते हुए, अंबेडकर चौक, अंडर ब्रिज होते हुए सेंट्रल एवेन्यू, मुर्गा चौक, वहां से सेक्टर सेंट्रल एवेन्यू होते हुए सेक्टर 9 चौक, वहां से हुडको श्री राम चौक, श्री राम चौक होते हुए कारगिल शहीद पार्क, हुडको में समापन हुआ। यहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्था के सदस्य, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, धार्मिक संस्था के लोग, खिलाड़ी, व्यापारी वर्ग, चेंबर के पदाधिकारी, औद्योगिक संस्थानों, पूर्व सेवानिवृत्त सैनिक, उनके परिवार के सदस्य, पुलिस बल, औद्योगिक सुरक्षा बल, सामाजिक संस्था, सुरक्षा बल, एनडीआरएफ का दल, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी आदि शामिल हुए।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर कुम्हली में निकाली तिरंगा यात्रा

**जामगांव आर।** भारत सरकार द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाई गई आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के



सम्मान में गांव गांव गली गली तिरंगा यात्रा निकाली गई। आपरेशन सिंदूर एवं तिरंगा यात्रा के निहित उद्देश्य पर शिक्षक सीएल साहू ने कहा कि हमारा भारत भगवान महावीर के सिद्धांत 'अहिंसा परमो धर्मः' पर चलने वाली सभ्यता संस्कृति पर विश्वास रखता है। तिरंगा यात्रा दिवस पर ग्राम पंचायत कुम्हली में भी राष्ट्रीय ध्वज के तले, ग्राम पंचायत के सरपंच पंच, विद्यालय के प्रधान पाठक, पंचायत सचिव, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ग्रामवासी तिरंगा यात्रा में सहभागी बने। इस अवसर पर सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय कुमार साहू, सचिव गैंदालाल कलिहारी, प्रधान पाठक सीएल साहू, पूर्व सरपंच खिलावन साहू, पंच मोगन लाल, मेहतर यादव, आरती साहू, पेमन साहू, खम्मन साहू आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रहित में हम सब एकजुट हैं: विधायक गजेन्द्र

**दुर्ग।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के जवानों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए शनिवार को दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई।



शहर विधायक गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में रैली में शहर के नागरिक, सामाजिक संस्था और भाजपागण बड़ी संख्या में शामिल हुए और हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता और वीर जवानों के जयकारे लगाते रहे। रैली में विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल उपस्थित थे। जिन्होंने नागरिकों को संदेश दिया कि देश की सुरक्षा खातिर हम सब एकजुट रहे, हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें समाज के सभी वर्गो से बड़ी संख्या में नागरिको का सहभागिता देना उनके भीतर देशभक्ति व राष्ट्रहित की भावना को दर्शाता है कि हम सब एक है।

### पतोरा में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद बघेल

**सेलूद।** आपरेशन सिंदूर की सफलता और वीर जवानों के शौर्य और पराक्रम के शान में छत्तीसगढ़ के सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में 17 मई को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के



पाटन विधानसभा में ग्राम पंचायत पतोरा में आयोजित 'तिरंगा यात्रा' में सांसद विजय बघेल सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर, सरपंच भुनेश्वर साहू, उपसरपंच देवचरण कौशल, टीकाराम देवांगन, राजेन्द्र वर्मा, चोवा साहू, शशिकांत, जनपद सदस्य चंद्रिका चित्रसेन कलियारी, मेहतर महिलांगे, भिखम देवांगन, पूरण साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रेमलता साहू, प्रेमिन साहू, महेंद्र साहू सचिव, खेमलाल साहू आदि उपस्थित थे।

### कुम्हारी में उल्लासपूर्वक निकाली गई तिरंगा यात्रा

**कुम्हारी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों के सम्मान और धन्यवाद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में तिरंगा यात्रा का




आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कुम्हारी नगर पालिका परिषद में भी नगरपालिका अध्यक्षा मीना वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा शनिवार को कुम्हारी नगरपालिका परिषद परिसर से प्रारंभ कर, बाजार चौक, स्टेशन चौक के राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाई ओव्हर ब्रिज तक समस्त धर्म, पंथ, संप्रदाय, वर्ग, समाज, जाति, संगठन व संस्था के लोगों ने एकजुट होकर देश भक्ति के नारों से नगर को गुंजायमान करते हुए तिरंगा यात्रा निकाला। इस यात्रा में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक इस भाव के साथ सम्मिलित हुए और भारतीय सेना एवं अर्ध सैनिक बलों के जवानों को हृदय से सम्मान और धन्यवाद ज्ञापित कर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया।

### नपं उतई में तिरंगा यात्रा



**उतई।** नगर पंचायत उतई द्वारा भारतीय सेना की शौर्य पूर्ण विजय पर तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए गायत्री मंदिर तक भारतीय सेना की जयकारे लगाते तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक, लोक निर्माण प्रभारी सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, भीमसेन सिन्हा, खूबी राम साहू, शिव ठाकुर, संगीत रजक, लता सोनवानी, नरेंद्र साहू, चेतन साहू सहित नगर पंचायत के अन्य पार्षद गण आदि उपस्थित थे।

### भारत माता की जयकारों से गूंज उठा आसमान

**निकुम।** शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं ग्राम निकुम में भी तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस




कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद सदस्य लीना रूपेश देशमुख, सरपंच भागवत पटेल, उपसरपंच गोपेन्द्र साहू, महामंत्री पुराण देशमुख, सोसाइटी अध्यक्ष भैयालाल साहू, धर्मपाल पिपरिया, एसडीएम हरवंश मीरी, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामवासी शामिल हुए। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशायी कर दिया। हम सभी अपनी सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जागरूकता रैली




**अंडा।** ग्राम पंचायत अंडा में ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जागरूकता रैली ग्राम पंचायत अंडा में गांव का भ्रमण किया गया। जिसमें जनपद पंचायत सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उप सरपंच यशवंत बंजारे, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पंचगन विमला जांगड़े उत्तरा देशमुख, सती गोस्वामी, जंगला दास चेलक, सीता साहू, अंजली जोशी, अन्नपूर्णा ठाकुर, प्रभा साहू, लक्ष्मी सिंह आदि मौजूद थे। और ऑपरेशन सिंदूर से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और अपने सेना के ऊपर सभी ने गर्व महसूस किया ग्राम पंचायत सरपंच दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश की आन बान के लिए भारत का हर एक नागरिक देश की सेवा और सरकार के साथ हैं। वही जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर ने कहा कि आने वाले समय में कभी भी दुश्मन भारत देश के ऊपर कुछ भी आक्रमण करता है तो पूरा देश सेना के साथ रहेगा।

### खोपली में ग्राम भ्रमण किया



**उतई।** ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में ग्राम खोपली में तिरंगा रैली निकाल कर ग्राम भ्रमण किया गया। जिसमें पंचायत के सरपंच मंजू वर्मा, जनपद सदस्य बिंदु दिनेश देशलहरे, जिला सहकारी बैंक के अधिकारी फत्तेलाल वर्मा, उपसरपंच देवेंद्र भारती, पंचायत सचिव पुराणिक राम साहू, पंच शुभम वर्मा, पंच योगेंद्र साहू, रमेश वर्मा, अरुण चंद्राकर, मंशा भारती, सुलोचनी, कमलेश्वरी, पंकज भारती, राजू साहू, नरोत्तम बघेल, ओमप्रकाश सपहा, अनीता, योगेश साहू, अरुण खुटेल आदि उपस्थित थे।

### शांता को दी गई श्रद्धांजलि

**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई के महापौर परिषद् के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीजू एंथोनी की माता स्वर्गीय शांता एंथोनी के धार्मिक एवं



सामाजिक रीति-रिवाज के तहत आयोजित श्रद्धांजली एवं शांति प्रार्थना सभा का आयोजन अग्रसेन भवन सेक्टर 6 मे किया गया। जिसमे सांसद विजय बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक अरूण वोरा, बीडी कुरैशी, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, नगर पालिका निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पांडेय, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, भिलाई महापौर नीरज पाल, रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

### गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर की हुई शुरुआत

**भिलाई।** नगर पालिका जामुल के वार्ड 13 एसीसी मंगल भवन में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर का शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि आम जनता के समस्या का तुरंत निवारण हो सके एवं राज्य, केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित जनहित योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिल सके। योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो इसीलिए हमारे सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया है। समस्याओं का समाधान हो, आम जनता को अपने समस्या या मांग के लिए



अनेक विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। इसीलिए समाधान शिविर का प्रदेशव्यापी आयोजन किया गया है। शिविर हर नागरिक के लिए है इसका लाभ उठायें। वार्ड 08, 11, 12, 13, 14, 15 में कुल 110 आवेदन मांग और शिकायतें मिली है। स्वास्थ्य विभाग से 35 आवेदन, आयुष विभाग 50 आवेदन, आधार कार्ड अपडेशन के लिए 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसका तत्काल निराकरण किया गया। शिविर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, निशा चन्नेवार, तहसीलदार पवन ठाकुर, सीएमओ सीमा बख्शी समेत अन्य मौजूद थे।


## बिजनेस साइट

### सहेली अलंकरण के एनिवर्सरी ऑफर में न्यूनतम गोल्ड रेट पर खरीदें आभूषण

**भिलाई।** आकाश गंगा सुपेला और जवाहर मार्केट पावर हाऊस स्थित सहेली अलंकरण में 16 मई से 22 मई तक तीसरे एनीवर्सरी ऑफर में न्यूनतमक कीमत पर स्वर्ण आभूषण के साथ हीरे पर 15% तकी छूट का शानदार अवसर दिया जा रहा है। इस अवसर पर प्रत्येक 25000 रूपए की खरीदी पर 999 प्योरिटी का चांदी का सिक्का मुफ्त दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सहेली अलंकरण वैवाहिक अवसरों को ध्यान में रखते हुए डायमंड, जड़ाऊ और पोल्की के गहनों का अद्वितीय और उत्कृष्ट संग्रह ग्राहकों के लिए पेश किया जा रहा है। शोरूम में फेयर प्राईस पॉलिसी के तरह फेयर मेकिंग चार्जेस के साथ कोई छुपा हुआ चार्ज नहीं लिया जाता और ग्राहकों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ खरीदारी करने का अवसर दिया जाता है। शो रूम में 22 कैरेट 916 हॉलमार्क ज्वेलरी सहेली अलंकरण की स्पेशल कीमत 83150 प्रति 10 ग्राम में और साथ ही आईजीआई प्रमाणित हीरे के आभूषण में हीरे के मूल्य पर 15% की विशेष छूट दी जा रही है। गौरतलब है कि लगातार 33 वर्षों से सहेली अलंकरण शो रूम ने ग्राहकों को लगातार मनमोहक, आधुनिक व पारंपरिक डिजाइन्स के आभूषणों का अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता कायम रखी है। सहेली अलंकरण में शादी विवाह सहित सभी मंगलमय अवसरों के लिए ग्राहको को मनमोहक डिजाइन और लेटेस्ट ट्रेंड के अनुसार सोना, हीरा, चांदी, पोल्की, जड़ाऊ और पोल्की के गहनों का विस्तृत संग्रह मिलता है। उपरोक्त सभी ऑफर का लाभ सहेली अलंकरण के आकाश गंगा सुपेला भिलाई और जवाहर मार्केट पावर हाऊस स्थित शो रूम में जाकर लिया जा सकता है।




## हरिभूमि की खबर रंग लाई, नए विस में लगेगी अटलजी की मूर्ति

# आखिरकार मूर्तिकार नेलसन के प्रति सरकार ने दिखाई सदाशयता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- शासन ने दिया 22 लाख की लागत से छग प्रदेश के सृजेता की प्रतिमा निर्माण का आर्डर

प्रसिद्ध मूर्तिकार जेएम नेलसन अपने कलात्मक कौशल से छत्तीसगढ़ की राजधानी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को ताजा कर उनके ऐतिहासिक योगदान का संदेश देंगे। पद्मश्री से सम्मानित भिलाई के इस शिल्पकार द्वारा तैयार प्रदेश को छत्तीसगढ़ राज्य का उपहार देने वाले अटलजी की आदमकद मूर्ति नया रायपुर के विधानसभा भवन परिसर में स्थापित की जाएगी। राज्य शासन द्वारा मूर्ति निर्माण की मंजूरी मिलना पिछले कुछ समय से संकट से जूझ रहे श्री नेलसन की हौसलाआफजाई के साथ सरकार की समर्पित



कलाकारों व कला के सम्मान का भी प्रतीक है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने आधी सदी तक मूर्ति कला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 70 वर्षीय शिल्पकार जेएम नेलसन के इलाज की दरकार और उनके पास मूर्ति निर्माण के आर्डर नहीं होने संबंधी खबर प्रकाशित कर सरकार के ध्यानाकर्षण में लाया था। राज्य शासन ने इस पर सदाशयता और उनके कलात्मक योगदान को देखते हुए उन्हें अटलजी की मूर्ति गढ़ने का बड़ा आर्डर दिया है। जारी टेंडर में श्री नेलसन को 22 लाख की लागत से 14 फीट की मूर्ति का निर्माण करने की स्वीकृति मिली है। उनके द्वारा तैयार स्व. वाजपेयी की आदमकद मूर्ति नया रायपुर के विधानसभा भवन परिसर में स्थापित की जाएगी। अटलजी की मूर्ति का अनावरण अजलजी उनकी जयंती पर 30 नवंबर को छग के विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सीएम डां. रमन सिंह करेंगे। इस क्लासिक कृति में छग राज्य की सौगात देने वाले अटलजी के साथ अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी और अध्यात्म का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद भी दिखाई देंगे। उन्होंने मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया शुरु कर दी है। मूर्तिकार श्री नेलसन बताते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की मूर्ति निर्माण का अवसर देकर कला के सम्मान व मेरी मदद के लिए मैं सरकार और डां. सिंह के प्रति हार्दिक रुप से कृतज्ञ हूं। हर बार की तरह मेरा प्रयास होगा कि सरकार की अपेक्षा के अनुरुप महापुरुष की जीवंत कृति गढ़कर उनके संदेश को जन प्रतिनिधियों के साथ जन जन तक पहुंचाऊं।

### आधी सदी तक कलात्मक योगदान

उल्लेखनीय है कि 4 दशक से अधिक समय से मूर्तिकला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिल्पकार जेएम नेलसन छग सहित देश के विभिन्न स्थानों के लिए कई महापुरुषों, शहीदों, देवी, देवताओं और विभिन्न लोगों की सैकड़ों मूर्तियां गढ़ चुके हैं। इसके पूर्व 2002 में उनके द्वारा निर्मित महात्मा गांधी की मूर्ति अशोक चक्र की कृति पुराना विधानसभा भवन परिसर में स्थापित है,जिसका अनावरण तत्कालीन स्पीकर राजेंद्र शुक्ला ने किया था। उनकी स्वामी विवेकानंद की आकर्षक प्रतिमा बूढ़ा तालाब रायपुर व गौतम बुद्ध की मूर्ति डोंगरगढ़ और राज भोज की प्रतिमा बैहर में स्थापित है। उनके दीर्घ कलात्मक योगदान को देखते हुए 2007 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया है।

### भिलाई पब्लिक स्कूल के छात्रों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**भिलाई।** भिलाई पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर स्कूल और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने मेहनत और समर्पण के दम पर बेहतरीन परिणाम दिए हैं। विद्यालय ने गर्व के साथ कुल रैंक धारकों की घोषणा की है, जिन्होंने अपने अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह सफलता अर्जित की है। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान अंशु कुमारी साव कॉमर्स संकाय, द्वितीय अथर्व शर्मा साइंस संकाय, तृतीय मुस्कान साव कॉमर्स संकाय रही। वहीं कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान अभय साव, द्वितीय भीगी साहू, तृतीय सुप्रिया लेनका रही। यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। भिलाई पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एचपी सिंह उप्पल ने रैंक धारकों सहित सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर प्रयासों और दृढ़ निश्चय का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को आगे भी पूरे उत्साह के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल हरविंदर कौर उप्पल ने कहा कि इस वर्ष के परिणामों ने स्कूल की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। भिलाई पब्लिक स्कूल परिवार प्रबंधन, शिक्षकगण और स्टाफ की ओर से सभी रैंक धारकों एवं उत्तीर्ण छात्रों को हार्दिक बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

# शिक्षा भूमि

Congratulations

## जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व होता है




जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व होता है। शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा और ज्ञान न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा एक व्यक्ति की सोच का पोषण करती है और उन्हें जीवन में सोचने, कार्य करने और आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षा लोगों को सशक्त बनाती है और उन्हें काम के संबंधित क्षेत्रों में रहने और अनुभव के सभी पहलुओं में कुशल बनने में मदद करती है।

शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, यह लोगों के दिमाग को खोलती है और सोच-समझ, आगे बढ़ने और विकास करने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षा एकमात्र मूल्यवान संपत्ति है जिसे मनुष्य प्राप्त कर सकता है। शिक्षा एकमात्र आधार है जिस पर मानव जाति का भविष्य निर्भर करता है।

बचपन में शिक्षा उच्चतर माध्यमिक के माध्यम से बच्चों के जीवन के प्रारंभिक वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह उनके व्यक्तित्व, काम करने की क्षमता को आकार देता है और उनकी वास्तविक क्षमता को खोजने में मदद करता है। प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए उच्च शिक्षा आवश्यक है। इसलिए शिक्षा, सभी रूपों में और जीवन के किसी भी बिंदु पर, हमारे जीवन में एक अनिवार्य भूमिका निभाती है। हम जब भी शिक्षा के बारे में सोचते हैं, सबसे पहले हमारा ध्यान नॉलेज प्राप्त करने पर जाता हैं। शिक्षा एक ऐसा उपकरण है जो हमारा ज्ञान, कौशल, तकनीक बढ़ाता है। साथ ही, हमें हमारे कर्तव्य को जानने में भी सक्षम बनाती है। शिक्षा ही हमें अपने आस-पास की दुनिया का ज्ञान देती है। शिक्षा राष्ट्र के विकास में सबसे महत्वपूर्ण होती है।




## एजुकेशन से संभव है सफलता की ऊंची उड़ान

शिक्षा हासिल करने के लिए उम्र या समय की कोई सीमा नहीं होती। एजुकेशनल क्वालिफिकेशन कभी भी बढ़ाई जा सकती है। तभी तो लाखों नौकरीपेशा लोग हर साल वोकेशनल कोर्सेस के लिए एप्लाय करते हैं। वहीं कई लोग लंबे अंतराल के बाद भी पत्राचार के माध्यम से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करते हैं। इनमें सभी प्रकार के अंडरग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स शामिल हैं। मैनेजमेंट से संबंधित कई डिप्लोमा कोर्स युवाओं में बेहद पॉपुलर हैं। जो कि स्टडी लीव लेकर पूरे किए जा सकते हैं। इनसे न सिर्फ एजुकेशनल बैकग्राउंड मजबूत होता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। पढ़ाई करते रहने से आप हमेशा काम के व्यक्ति बने रहते हैं। ध्यान रखें, अपडेटेड प्रोफेशनल्स ही आज डिमांड में हैं। स्टूडेन्ट लाइफ में कुछ पल ऐसे आते हैं जो आपका भविष्य तय कर देते हैं।

सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है अपनी पसंद के मुताबिक कॅरियर तय करना। आपका नॉलेज, आपका व्यवहार और आपकी पर्सनालिटी। ये तीनों ऐसे फैक्टर हैं जो कुछ हद तक ये क्लीयर कर सकते हैं कि आपको किस फील्ड में कॅरियर बनाना है। स्कूली शिक्षा के समय से ही जीवन में ऐसे पड़ाव आते हैं जहां आप थोड़ा रुककर खुद से पूछ सकते हैं कि आगे क्या करना है।




## शिक्षा से खुलता है विकास का रास्ता

शिक्षा के बिना, हम कुछ भी नया कर या सोच नहीं सकते हैं यानी हम नए विचार नहीं ला सकते हैं। इसका मतलब, शिक्षा के बिना किसी भी प्रकार का विकास संभव नहीं है। शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने और विकास का एक अनिवार्य पहलू है। इसके बिना किसी देश के विकास के लिए एक उत्कृष्टता की संभावना बहुत कम है। शिक्षा चरित्र निर्माण के साथ-साथ लोगों के व्यक्तित्व को आकार देने में एक आवश्यक भूमिका निभाती है। समाज के सभी लोगों को, युवाओं को शिक्षा के अधिकार का हकदार होना चाहिए। क्योंकि युवाओं को शिक्षित करके ही एक देश अपने भविष्य के विकास और प्रगति को सुनिश्चित कर सकता है। शिक्षा हमारे इतिहास, संस्कृति और हमारे अतीत के बारे में जानने में हमारी मदद करती है। समाज में सभी को जीवन में शिक्षा की आवश्यकता और उद्देश्य को समझना चाहिए। व्यक्ति सोचने और न्याय करने की अपनी क्षमता के साथ पैदा होता है।




## भविष्य के लिए सोच-समझ कर लें सही निर्णय

बच्चों के रुचि का क्षेत्र बचपन में ही उनके मन में सेट हो जाते हैं, इन सबकी तैयारियां वे स्कूल लाइफ से ही शुरु कर देते हैं क्योंकि उनकी जड़ें जितनी मजबूत होंगी, उतने ही ज्यादा बेहतर तरीके से वे अपना कैरियर बना पाएंगे। मान लीजिए किसी बच्चे को क्रिकेट में कैरियर बनाना है तो वह बचपन से उसकी प्रैक्टिस करता है, उसकी ट्रेनिंग लेता है। जिन्हें गायन या डांस में अपना कैरियर बनाना है वे उनकी क्लास ज्वाइन करते हैं, तभी आगे चलकर वे इस क्षेत्र में महारथ हासिल करते हैं। 9वीं या 10वीं के बाद बच्चों को यह निर्णय लेना पड़ता है, उन्हें कौन-सा सब्जेक्ट लेना है। इसीलिए 10वीं कक्षा से कैरियर के प्रति सजग हो जाना चाहिए। बच्चों को किस क्षेत्र में कैरियर बनाना है उस क्षेत्र में माता-पिता को उनकी तैयारियां शुरू करवा देना चाहिए। कई बच्चे जो कैरियर के प्रति तैयारियों में असमंजस में रहते हैं तो काउंसलर्स उनकी मदद कर सकते है। बिना पक्षपात के काउंसलर्स उनके बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लेते है कि बच्चों की रुचि किस विषय में है। उनकी योग्यता क्या है, उन्हें किस दिशा में अपनी तैयारियां करनी चाहिए। इसलिए कैरियर की प्लानिंग के दौरान इस बात का खास ध्यान रखा जाना चाहिए कि आपकी रुचि किस क्षेत्र में हैं और उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि आप अपने कैरियर की ऊंचाइयों को हासिल कर सकें।







TEAM CREATIVE ADVERTISERS





### मौजूद हैं कई विकल्प

यह बहुत अच्छा संकेत है। अब भिलाई को एजुकेशन हब के तौर पर भी जाना जा रहा है। हर साल हजारों बच्चे दूर-दूर से यहां पढ़ने आते हैं। हमारे लिए यह बहुत ही अहम बात है, गर्व का क्षण है और ऐसा मील का पत्थर है जहां से सिर्फ ऊंचे शिखर ही दिखाई देते हैं।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 18 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



घर-घर जाकर परखा बच्चों का पोषण स्तर, बांटा गया सुपोषण किट

## लाइव इवेंट

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि, बैठक में मेधावी छात्रों को सहयोग का निर्णय



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई की कार्यकारिणी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। बैठक में समाज हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा आगामी दिनों समिति द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्य योजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि देवांगन समाज के निर्धन मेधावी छात्र-छात्राओं को समाज द्वारा उच्च शिक्षा की पढ़ाई में हरसंभव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा इसके लिए आर्थिक कठिनाई बाधा नहीं बनेंगी। उन्होंने समाज के विद्यार्थियों से अपील की कि वे डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, वैज्ञानिक, आंत्रप्रेन्योर, सेना, प्रशासनिक सेवा, कृषि, वाणिज्य आदि अपने पसंदीदा क्षेत्र में कैरियर बनाकर अपना सपना पूरा करें। बैठक में कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन ने समिति द्वारा संपन्न विभिन्न आयोजनों का आय-व्यय प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही विगत दिनों समिति द्वारा संपन्न चैत्र नवरात्रि, श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा, मंदिर स्थापना दिवस एवं विभिन्न आयोजनों की समीक्षा की गई। उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं दानदाताओं का आभार माना। समाज के दानदाता नोहर सिंह देवांगन द्वारा परमेश्वरी मंदिर में एक ज्योति कक्ष निर्माण करके देने की घोषणा एवं उनके द्वारा आगामी क्वांर नवरात्रि में अपने खर्च पर श्रीमद् भागवत पुराण कथा कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए बैठक में सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने देश में आतंकवाद का विरोध करते हुए सेना की कार्रवाई का समर्थन किया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, उपाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, टेसू राम देवांगन, सहसचिव जीतेन्द्र बांकुरे, गोवर्धन देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, रामगोपाल देवांगन आदि मौजूद थे। आभार प्रदर्शन सचिव विनोद देवांगन ने किया।

● सीए ब्रांच का दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस उन्नयन शुरू, सीए भवन सिविक सेंटर में आयोजन

# जीएसटी के नोटिस का सही समय में जवाब नहीं देने पर आर्थिक और कानूनी दिक्कतों का करना पड़ सकता है सामना

भिलाई सीए ब्रांच द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस उन्नयन का शनिवार को सीए भवन सिविक सेंटर में आगाज हुआ। कार्यक्रम में सीआईएसडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके अलावा स्पंज उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मंडल, इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के सदस्य अरुण खोड़पिया विशेष रूप से मौजूद थे। कांफ्रेंस के पहले दिन देश के विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा जीएसटी, कॉर्पोरेट कंपनियों की रिपोर्टिंग सहित छोटे व्यवसायों और गैर-कार्पोरेट संगठनों के वित्तीय विवरण संबंधी महत्वपूर्ण विषयो की जानकारी दी गई। सीए आंचल कपूर ने जीएसटी से जुड़े नोटिस और अपील की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी।

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्तर के कॉन्फ्रेंस में आंचल कपूर ने बताया कि जीएसटी नोटिस प्राप्त होने की स्थिति में टैक्सपेयर्स को किस प्रकार सतर्क और विधिसम्मत तरीके से प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने अपील दायर करने की सही प्रक्रिया, समय-सीमा, आवश्यक दस्तावेज और तकनीकी बिंदुओं पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी समझाया कि समय पर जवाब नहीं देने या तकनीकी त्रुटियों के कारण करदाता को आर्थिक और कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, जिसे उचित मार्गदर्शन और तैयारी से टाला जा सकता है। सीए आंचल कपूर ने बताया कि जीएसटी अपील दायर करने के लिए निर्धारित समयसीमा, फॉर्मेट और आवश्यक दस्तावेजों की पूर्णता अनिवार्य होती है। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीकी त्रुटियों या तथ्यात्मक कमजोरियों के कारण अपील अस्वीकृत हो सकती है, इसलिए हर स्तर पर सावधानी जरूरी है। राजीव अग्रवाल और मनीष मंडल ने इंडस्ट्री विकास में सीए समुदाय के विशेष सहयोग और महत्व को बताया। प्रथम दिवस के दूसरे सत्र के वक्ता भोपाल के सीए अभय छाजेड़ ने कॉर्पोरेट कंपनियों की वित्तीय रिपोर्टिंग को और अधिक प्रभावशाली और पारदर्शी बनाने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सिर्फ अकाउंट की जानकारी देना काफी नहीं है, बल्कि रिपोर्ट इस तरह से तैयार होनी चाहिए कि वह प्रबंधन, निवेशकों और अन्य हितधारकों के लिए उपयोगी और समझने में आसान हो। उन्होंने बताया कि कंपनियों को अपनी रिपोर्टिंग में पारदर्शिता, स्पष्टता और सटीकता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वित्तीय दस्तावेजों में सभी जरूरी जानकारी को समय पर और उचित तरीके से प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिससे भरोसा बना रहे और नियामकीय अनुपालनों का भी पालन हो सके। सीए अभय छाजेड़ ने यह भी सुझाव दिया कि कंपनियों को टेक्नोलॉजी और ऑटोमेशन टूल्स का उपयोग कर अपनी रिपोर्टिंग प्रणाली को आसान और त्रुटिरहित बनाना चाहिए। इससे डेटा तैयार करने में समय की बचत होगी और निर्णय लेने में भी सहायता मिलेगी।




### छोटे व्यापारियों के लिए भी वित्तीय विवरण तैयार करना अनिवार्य

दिल्ली के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए प्रमोद जैन ने छोटे व्यवसायों और गैर-कार्पोरेट संगठनों की वित्तीय रिपोर्टिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि छोटे व्यापारी वर्ग के लिए पारदर्शिता और सटीकता के साथ वित्तीय विवरण तैयार करना न केवल कानूनी अनिवार्यता है, बल्कि व्यापार की विश्वसनीयता के लिए भी आवश्यक है। सीए जैन ने बताया कि बैलेंस शीट, आय-व्यय विवरण और कैश फ्लो स्टेटमेंट जैसे दस्तावेज किस तरह से तैयार किए जाएं ताकि वे ऑडिट, लोन अप्रूवल और कर अनुपालन में सहायक बन सकें। उन्होंने यह भी समझाया कि छोटे संगठनों को रिपोर्टिंग के दौरान किन जरूरी बिंदुओं और नियामकीय बातों का ध्यान रखना चाहिए।रिकॉर्ड रखने की आदत और डिजिटल टूल्स का सही उपयोग करके व्यवसायी अपने वित्तीय दस्तावेजों को अधिक व्यवस्थित और प्रमाणिक बना सकते हैं।



### डायरेक्ट टैक्स में बदलाव को लेकर मंथन आज

नेशनल कॉन्फ्रेंस का 18 मई को अंतिम दिन है। दूसरे दिन सीए गिरीश आहूजा प्रत्यक्ष कर में हुए नए बदलाव और टैक्स संहिता पर जानकारी देंगे। हैदराबाद के सीए दयानिवास शर्मा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सीए कार्यों में प्रभावी उपयोग कैसे किया जा सकता है, इस पर व्याख्यान देंगे। वहीं नागपुर के सीए शुभम पटेल वित्तीय और लेखा क्षेत्र में एआई के प्रभाव पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान ब्रांच सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन का स्वागत भाषण ब्रांच चेयरमेन राजेश बाफना ने दिया। कार्यक्रम में हर्ष जैन, प्रफुल्ल कोठारी, मिनेश जैन, पीयूष जैन, जेएल जैन, एनके टांक, संजीव अग्रवाल, रोहित वाघेला, दीपक जैन, एसडी राठी, दिलीप जैन, प्रभजीत जग्गी, प्रतीक अग्रवाल, तलविंदर सैनी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### यूपीएससी-2026 कैलेंडर जारी, सीएसई का नोटिफिकेशन 14 जनवरी को होगा जारी

**भिलाई।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने साल 2026 का कैलेंडर जारी कर दिया है। यूपीएससी की सबसे बड़ी परीक्षा सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन का नोटिफिकेशन 14 जनवरी को जारी होगा। साल 2026 में सीएसई प्रीलिम्स 24 मई और मेंस की परीक्षा 21 अगस्त को आयोजित होगी। दोनों परीक्षाओं के बीच छात्रों को 88 दिन का समय मिलेगा। इधर साल 2025 में 25 मई को होने वाली प्रीलिम्स के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। अमूमन प्रीलिम्स का आयोजन मई में होता है। प्रीलिम्स एक क्वालीफाइंग परीक्षा होती है और फाइनल मेरिट में इसके अंक नहीं जोड़े जाते हैं। मेरिट मेंस और इंटरव्यू के अंकों के आधार पर तैयार होती है। यूपीएससी इस परीक्षा पर उठते सवालों के बीच साल 2026 के नोटिफिकेशन में कुछ और सख्त नियम लागू कर सकता है। इसी प्रकार एडीएए एनए-1 और सीडीएस-1 की पहली परीक्षा अप्रैल और दूसरा एग्जाम सितंबर में आयोजित होगी। यानी दोनों परीक्षाओं के बीच एक बड़ा अंतराल रखा गया है। पहली परीक्षा में अच्छा परफॉर्म नहीं करने वाले उम्मीदवारों के पास दूसरी परीक्षा की तैयारी के लिए अच्छा खासा समय रहेगा। एनडीए और सीडीएस दोनों की परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाती है।

■ प्रीलिम्स व मेंस के बीच 88 दिनों का समय

#### पांच परीक्षाओं का नोटिफिकेशन इसी साल

यूपीएससी की पांच परीक्षाओं के नोटिफिकेशन इस साल ही जारी होंगे। कंबाइंड जियो साइंटिस्ट प्री और ईएसई प्री का नोटिफिकेशन सितंबर में जारी होगा। एनडीए सीडीएस-1, सीआईएसएफ और सीबीआई (डीएसपी) की विज्ञप्ति दिसंबर में आएगी। सीएसई प्रीलिम्स करीब दस लाख छात्र देते हैं। इसके बाद चयनित छात्रों को मेंस देने का अवसर मिलता है। 950 से लेकर 1000 तक वैकेंसीज निकाली जाती है। हालांकि कुछ सालों में विज्ञप्ति निकलने के बाद वैकेंसीज के संख्या बढ़ाई भी गई है।

### हल्बा समाज का चुनाव और आमसभा आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज की 23 वां वार्षिक आमसभा बैठक और नए प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव 18 मई को सुबह 9 बजे होगा। केन्द्रीय कार्यालय हल्बा शक्ति भवन आशीष नगर रिसाली में यह आयोजन किया जाएगा। आयोजन के प्रथम सत्र में सचिव प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय प्रस्तुतिकरण, अध्यक्षीय उद्बोधन के बाद वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर निर्वाचन प्रक्रिया के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी को मंच सौंपा जाएगा। समाज के महासचिव ईश्वर भंडारी ने बताया कि उक्त अधिवेशन एवं नए प्रबंधकारिणी चुनाव के संबंध में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रबंधकारिणी समिति में नियम -5 (अ ब स) में दर्शाए गए सदस्यों जिनके नाम पंजी रजिस्टर में दर्ज हो चुनाव में भाग ले सकते हैं। बहुमत के आधार पर 1 अध्यक्ष, 3 उपाध्यक्ष, 1 महासचिव, 1 संयुक्त सचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सह सचिव, 1 उपकोषाध्यक्ष, 5 संगठन सचिव, 5 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होंगे। महिलाओं के लिए उपाध्यक्ष का एक पद आरक्षित होगा। इस प्रकार सम्पूर्ण कार्यकारिणी 19 सदस्यों की होगी। प्रबंधकारिणी चुनाव हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में डॉ. केएस करभाल एवं सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में गोकुल रावटे, मुकेश रावटे, सतीश ठाकुर, डॉ. आरएस केराम नियुक्त किए गए हैं। पदों के लिए नामांकन दाखिला, छानबीन, नाम वापसी, उपरोक्त पदों हेतु सर्वसम्मति से निर्विरोध, प्रत्यक्ष मतदान, मतगणना के बाद विजेता प्रत्याशियों के नामों को घोषणा की जाएगी।

## स्कूली बच्चों ने सेना का मनोबल बढ़ाने निकाली रैली, जोश भरने व सम्मान में लगाए नारे

**भिलाई।** पं. जवाहर लाल नेहरू स्कूल खुर्सीपार में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भारतीय सेना के सम्मान में रैली निकाली। मनोबल बढ़ाने के लिए जोश से लबरेज नारे लगाए। खुर्सीपार के प्रबुद्ध नागरिकों एवं छग आर्मी पब्लिक फाउंडेशन के सदस्य भी इस रैली में शामिल हुए। भारत विजय संकल्प रैली नाम से यह पूरा आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ सतत जारी ऑपरेशन सिन्दूर के समर्थन और सैनिकों का मनोबल बनाये रखने के लिए यह रैली निकली गई। सभी छात्रों के हाथ में ऑपरेशन सिन्दूर तथा भारतीय जवानों के लिए जोश से भरे नारे लिखे बैनर-पोस्टर नजर आए। भूतपूर्व सैनिकों ने कहा कि जरुरत पड़ने पर हम सभी सीमाओं पर वापस जाकर देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने को तैयार हैं। इस दौरान शाला के नन्हे बच्चों से लेकर तरुण छात्रों तक भरपूर जोश दिखा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रतिनिधि विजय शर्मा, सुनील राजभर भी रैली में शामिल हुए। शाला की प्राचार्या प्रीति गुप्ता, शाला विकास समिति के अध्यक्ष निर्मल साहू, संरक्षक अनिल सोनी, सदस्य मनीष अग्रवाल, आर्मी पब्लिक फाउंडेशन से श्रीकांत शर्मा, राकेश साहू, आरके सोनी, गिरिजेश सिंह, दीपक ठाकुर, घनश्याम, बेनी प्रसाद, एके अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

■ पं. जवाहर लाल नेहरू स्कूल खुर्सीपार में आयोजन, सेना के ड्रेस में नजर आए बच्चे



## रेयर ब्लड ग्रुप वाले डोनर की पहचान कर जरुरत के समय कर रहे उपयोग



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आपातकाल स्थिति में जरुरतमंदों को ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए रेयर ब्लड ग्रुप वाले डोनरों की पहचान कर रखी गई है, ताकि जरुरत पड़ने पर तत्काल उनसे संपर्क उनसे मदद ली जा सके। ऐसे ही समय में ब्लड बैंक ने दो लोगों को ब्लड उपलब्ध कराया। जिला चिकित्सालय में आईसीयू में भर्ती मरीज लोकेश की हीमोग्लोबीन की मात्रा कम हो गई थी। इससे उसका निर्धारित इलाज प्रभावित हो रहा था। साथ ही मातृत्व शिशु विभाग में भर्ती महिला बम्लेश्वरी को भी रक्त की कमी के लिए आपात स्थिति में ब्लड की जरुरत थी। दोनों को ए पॉजीटिव ग्रुप का ब्लड उपलब्ध कराया गया। ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने जीवन दीप समिति के मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर और विकास भट्ट से संपर्क किया, जिन्होंने ब्लड का इंतजाम कराया। जीवन दीप समिति आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, एके एंटोनी, रोशन सिंह, पवन नेमा, हिमांशु चंद्राकर आदि मौजूद थे।

ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को मायावी ग्रह माना गया, राहु बेहद शक्तिशाली

## आज से समसप्तम योग, 18 साल बाद ग्रह-नक्षत्र राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में करेंगे गोचर, मेष राशि के लिए सुख-समृद्धि का योग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ट्विनसिटी के ज्योतिषों की मानें तो नौ ग्रहों में उग्र माने जाने वाले राहु और केतु का गोचर 18 मई यानी दिन रविवार को होने जा रहा है। राहु और केतु का यह गोचर क्रमशः कुंभ व सिंह राशि में 18 साल बाद होगा। राहु कुंभ राशि में और केतु सिंह राशि में गोचर करेगा। 18 मई की शाम 7 बजकर 35 मिनट पर दोनों का गोचर होगा। ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को मायावी ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। लेकिन, राहु को ज्योतिषविद् बेहद शक्तिशाली ग्रह मानते हैं। जबकि केतु को आध्यात्मिक वैराग्य, मुक्ति और ज्ञान का ग्रह माना गया है। राहु-केतु का यह गोचर दोनों का समसप्तक योग बनेगा। दोनों एक-दूसरे से 7वें भाव में विराजमान होकर कई राशियों की किस्मत चमक सकती है।ज्योतिषाचार्य पं. लाखेश्वर पांडेय के मुताबिक ज्योतिष शास्त्र के ये दोनों छाया ग्रह इन राशियों कुंभ और सिंह में अगले डेढ़ साल तक रहेंगे। इसका सभी 12 राशियों पर व्यापक और गहरा असर होगा। ज्योतिष और पुराणों में राहु-केतु को ग्रहों की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन ये अन्य ग्रहों की भांति भौतिक रूप से मौजूद नहीं हैं। इन्हें छाया ग्रह कहा जाता है।

### दोनों ग्रहों के असली नाम और महत्व को भी जानिए

न्यू आदर्श नगर दुर्ग स्थित महामृत्युंजय मंदिर के पुजारी पं. लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि राहु का वास्तविक नाम स्वर्भानु था। जबकि केतु को कभी-कभी धूम के नाम से भी जाना जाता है। ये दोनों ग्रह पूरी तरह से आध्यात्मिक और रहस्यमय शक्तियों का प्रतीक हैं। जहां राहु माया, भौतिक सुख, छल और भ्रम का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं केतु मोक्ष, वैराग्य और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। ग्रहों की बदली चाल के असर से मेष राशि में सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। राहु के राशि परिवर्तन से भूमि, वाहन और मकान खरीदारी से सुखों की प्राप्ति होगी। साहस, पराक्रम और धन-लाभ में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति के योग, विस्तार और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इसी प्रकार वृषभ राशि में सहकर्मियों का रूखा स्वभाव आपके लिए परेशानियां पैदा कर सकता है। जॉब में परिवर्तन करने का विचार भी बना सकते हैं, आर्थिक पक्ष पर ध्यान दें। शिवलिंग का जलाभिषेक करें।



### राहु वक्री चाल से 18 महीने करता है गोचर

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि राहु हमेशा वक्री चाल से चलता है और यह किसी एक राशि में करीब 18 महीनों के लिए गोचर करता है। राहु के गोचर करने से इन राशियों के जीवन में बदलाव आ सकता है। मिथुन इनके भाग्य में कुछ उतार तो कुछ चढ़ाव दिखेंगे। कभी आपको भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा तो कभी बनते-बनते कामों में कई तरह की रुकावटें आने लगेंगी। मकर राशि में यह भाव धन और कुटुंब का कारक माना जाता है। पैतृक कारोबार करने वालों को कड़ी मेहनत के बाद ही मुनाफा होगा। सेहत को लेकर भी सावधानी आपको बरतनी चाहिए। वाणी को नियंत्रण में रखें। जरूरतमंदों को जरूरत की चीजें दान करें। मीन राशि में राहु का गोचर आपके द्वादश भाव में होगा। कुछ लोगों को न चाहते हुए भी नौकरी छोड़नी पड़ सकती है। विदेशों में या विदेशी कंपनियों में काम करने वाले लोगों को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। गलत संगति से आपको बचकर रहना चाहिए, नहीं तो इस अवधि में मानहानि होने की भी आशंका है।

### पांच दिनों में चार ग्रहों का राशि परिवर्तन

दोनों ग्रहों का राशि परिवर्तन 18 मई को होने जा रहा है। इस प्रकार पांच दिनों में चार ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा। पहले देवराज गुरु ने मिथुन और सूर्य ने वृषभ राशि में प्रवेश किया। 18 साल बाद छाया ग्रह राहु कुंभ में और केतु सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। छाया ग्रह राहु और केतु 18 मई को राशि परिवर्तन करेंगे। राहु मीन से कुंभ में जबकि केतु कन्या से सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। दोनों ग्रह 5 दिसंबर 2026 तक इन राशियों में रहेंगे। दोनों ग्रह 18 साल बाद इन दोनों राशि में आएंगे। देवराज ब्रहस्पति भी दो दिन पहले मिथुन राशि में प्रवेश कर चुके हैं। ग्रहों के राशि परिवर्तन के साथ ही दो महीने से चली आ रही पंचग्रही युति भी खत्म हो गई। पंडितों के अनुसार रविवार शाम 7.35 बजे राहु और केतु दोनों ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। यह शनि प्रधान राशि कुंभ में, जबकि केतु सूर्य प्रधान राशि सिंह में प्रवेश करेंगे।

### दोनों ग्रहों की युति खत्म हो जाएगी

पं. लाखेश्वर पांडेय के अनुसार पांच दिनों में चार ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा। दो ग्रह देवराज ब्रहस्पति वृषभ से मिथुन और और सूर्य मेष से वृषभ राशि में पहले ही प्रवेश कर चुके हैं। अब इन दोनों ग्रहों के बाद राहु-केतु राशि परिवर्तन करेंगे। अभी तक राहु मीन राशि में थे, इसी राशि में शनि भी विराजमान थे, अब दोनों ग्रहों की युति भी खत्म हो जाएगी। वहीं, पंडितों के अनुसार 18 मई को मध्यम मान के अनुसार राशि परिवर्तन होगा। एक दूसरे मत (स्पष्ट मान) के अनुसार 29 मई को राहु-केतु राशि परिवर्तन करेंगे। इसका अलग-अलग राशियों में अलग-अलग प्रभाव देखने को मिलेगा।

## सिटी इवेंट

# राजपूत क्षत्रिय महासभा दुर्ग के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



दुर्ग। जवाहर नगर दुर्ग में राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान एवं दुर्ग उत्तर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में समिति के पदाधिकारी और सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महासभा अध्यक्ष बजरंग बैस ने महाराणा प्रताप के तैल्य चित्र में माल्यार्पण कर की गई। महाराणा प्रताप अमर रहे, जय राजपूताना, जय महाराणा के नारों से सदन गुंजायमान रहा। दुर्ग उत्तर के अध्यक्ष ठाकुर हरनारायण सिंह सहित सभी निर्वाचित 17 पदाधिकारियों को सत्य, निष्ठा एवं संविधान की शपथ महासभा अध्यक्ष द्वारा दिलाई गई। महासभा के केंद्रीय पदाधिकारी अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पंकज भुवाल, कोषाध्यक्ष नीरज क्षत्रिय, सहसचिव सत्येन्द्र सिंह राजपूत, उपसचिव घनश्याम सिंह, संगठन सचिव, अजय सिंह, प्रचार सचिव जितेंद्र सिंह, महिला अध्यक्ष रश्मि सिंह, महिला सचिव मधुबाला सिंह, युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह, युवा सचिव महेंद्र सिंह को शाल,श्रीफल से सम्मानित किया गया। वही जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, विधि प्रकोष्ठ के ललित सिंह, पूर्व अध्यक्ष कमलेश सिंह, पूर्व महिला सचिव मिनी ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। महासभा अध्यक्ष बजरंग बैस ने उद्बोधन में समाज के विकास, केंद्रीय सभा के लिए भूमि क्रय, कैरियर गाइडेंस, परिचय सम्मेलन जैसे प्रथमिकता युक्त कार्य करने की बात कही। दुर्ग उत्तर अध्यक्ष हरनारायण सिंह ने उपसमिति के सभी लोगो को संगठित कर पूरे पारदर्शिता से सभी को सम्मान देते हुए कार्य को इंगित किया। दुर्ग उत्तर से पदाधिकारी केंद्रीय सहसचिव सत्येन्द्र राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, रश्मि सिंह महिला अध्यक्ष एवम नीरज सिंह कोषाध्यक्ष ने भी अपनी-अपनी प्राथमिकता को बताया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव माधो सिंह और आभार प्रदर्शन अर्जुन सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्ग उत्तर उप समिति के महिला अध्यक्ष मनीषा राजपूत, सचिव निलिमासिंह, अध्यक्ष हरनारायण सिंह, सचिव रोशन सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेशकुमार, उपाध्यक्ष महेश भुवाल सहिक समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

■ केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान एवं दुर्ग उत्तर समिति का शपथ ग्रहण समारोह

## लाइव इवेंट

# लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अचीवर बने डॉ. पाणिग्राही

भिलाई। लगातार 29 घंटे नॉनस्टॉप एनवायरोथान मैराथन में पार्टिसिपेट करने के लिए एनवायरन एक्टिविस्ट डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। यह कार्यक्रम पंचभूत (पंच तत्व) संरक्षण तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के सीओपी-29 की थीम पर आईजीईएन इंडिया की ओर से किया गया। इसमें 29 देश, 29 पार्टनर, 29 राज्य, 29 जिले, 299 स्पीकर ने लगातार 29 घंटे तक दुनियां की बेहतरी के लिए मैराथन मंथन किया। इसमें कार्बन फुटप्रिंट कम करने, ग्रीन फ्लाइट चलाने, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने, स्काई एंड स्पेस के संरक्षण के लिए एक अलग से एसडीजी निर्धारित करने, पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने, विकास के लिए वनों के विनाश न करने के सुझाव दिए गए। डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अचीवर का अवार्ड मिलने पर उन्होंने लिम्का बुक संस्थान, आयोजक डॉ एल रमेश प्रेसिडेंट आई जी ई एन इंडिया और आईजीईएन की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए बेहतर विश्व बनाने लगातार कार्य करने की बात कही।



■ लगातार 29 घंटे नॉनस्टॉप एनवायरोथान मैराथन में पार्टिसिपेट करने के लिए स्टार पार्टिसिपेंट मान्यता भी मिली

## समाज लाइव

# छग कन्नौजिया स्वर्णकार समाज का महासम्मेन व सामूहिक विवाह आज

दुर्ग। सामूहिक विवाह की फोटो सामजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपीलदुर्ग । छत्तीसगढ़ कन्नौजिया स्वर्णकार समाज दुर्ग व्दारा रविवार को समाज का पारिवारिक परिचय सम्मेलन, सम्मान समारोह, महासम्मेलन और सामूहिक विवाह का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, विशेष अतिथि महापौर नगर पालिक निगम दुर्ग अलका बाघमार, पूर्व विधायक दुर्ग शहर अरुण वोरा, नरेन्द्र बंजारे पार्षद वार्ड 3 और प्रभारी वित्त लेखा एवं अंकेक्षण और मनीष साहू पार्षद वार्ड 1 शामिल होंगे।अतिथियों का आगमन 12 से 1 बजे के बीच होगा। समाज के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता इस आयोजन को एतिहासिक बनाने के लिए युध्दस्तर पर जुटे हुए है जिसमें स्वर्णकार समाज के सभी नागरिकों का भरपूर सहयोग एवं प्रोत्साहन मिल रहा है इसके लिए सभी सामाजिक जनों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं आभार व्यक्त किया है।। समाज के पदाधिकारियों ने समस्त सामाजिक बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में समाज के इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता देने का अनुरोध किया गया है । समाज के पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकताओं व्दारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया गया है।



## ● कोशिश स्टार म्यूजिक ग्रुप का ग्रीष्म ऋतु संगीत समारोह

# 70-80 दशक के सुपहिट गानों से सजी सुरों की महफिल, नए-पुराने गीतों की सुमधुर धुनों पर देर तक झूमें श्रोता, संगीत कलाकार हुए सम्मानित

**कौन है जो सपनों में आया,,,, जे हम तुम चोरी से, बंधे एक डोरी से,,, आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबां पर,,, मेरी दोस्ती मेरा प्यार ,,,,, जैसे 70-80 दशक के सुपरहिट गानों पर गायकों की सुमधुर आवाज से महफिल देर रात तक सजी रही। नए पुराने गीतों पर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर नाचते-झूमते रहे। अवसर था कोशिश स्टार म्यूजिक एवं सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित संगीत समारोह का।शहर के प्रमुख सामाजिक, साहित्यिक, कला एवं संगीत क्षेत्र की हस्तियों और बेस्ट सिंगर के रूप में वरिष्ठ कलाकार यूसुफ जमाल को सिल्वर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कोशिश स्टार म्यूजिक एवं सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित ग्रीष्म ऋतु संगीत समारोह में शहर के प्रमुख सामाजिक, साहित्यिक, कला एवं संगीत क्षेत्र की हस्तियों को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिंन्ह देकर सम्मानित किया गया।**

भिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद एक से बढ़कर एक नए-पुराने नगमों की प्रस्तुति कर सैकड़ों श्रोताओं और अतिथियों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर कोशिश स्टार ग्रुप ने पूर्व की तरह एक शानदार भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पुराना बस स्टैंड दुर्ग में अपनी पहचान को और मजबूत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वाईस ऑफ छत्तीसगढ़ के संचालक अनिल बल्लेवार एवं कोशिश ग्रुप के अध्यक्ष जाहिद अली ने शहर के प्रमुख अतिथियों को सम्मानित किया। समाजसेवी एवं साहित्य-कला प्रेमी कैलाश जैन बरमेचा, अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार एवं शायर रौनक जमाल, सुविचार मंच के प्रमुख चंद्रिका दत्त चंद्राकर, हाजी इस्माईल चौहान, एंथोनी डिसूजा, छत्तीसगढ़ मंच के संचालक ईश्वर सिंह राजपूत, द रैन ड्राप संस्था के अध्यक्ष राजेश जैन, स्वर साधना मंच के बी.डी. निजामी, सुरेंद्र काके, संगीतप्रेमी विजय दुबे, शायर नावेद रजा, शायर व सिंगर कासिम रायपुरी एवं वरिष्ठ सिंगर मोहम्मद खान और यूसुफ जमाल को गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

नई-पुरानी धुनों के साथ शहर की हस्तियों का हुआ सम्मान






### बॉलीवुड के इन गीतों से सजी महफिल

देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिले हुए,,, ओ हसीना जुल्फों वाली,,,डफली वाले डफली बजा,, मस्त बहारों का मैं आशिक,, मेरी किस्मत में तू नही शायद,, चांदनी ओ मेरी चांदनी,,आज महहोश हुआ जाय रे,, क्या हुआ तेरा वादा,, लागी छूटे न,, जिंदगी का न टूटे लड़ी,, आ जा सनम मधुर चांदनी में हम,, इक बंजारा गाए,,, जैसे लगभग 45 गानों को गायकों ने अपनी सुमधुर आवाज में गाकर समां बांधे रखा।

### 20 ग्राम के सिल्वर मेडल से किया सम्मान



इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाश बरमेचा ने कार्यक्रम के बेस्ट सिंगर के रूप में वरिष्ठ कलाकार यूसुफ जमाल को 20 ग्राम चांदी का लॉकेट (सिल्वर मेडल) पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही कोशिश ग्रुप की महिला सिंगर्स को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जाहिद अली ने कार्यक्रम की प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम के संयोजक हमीद खोखर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर अध्यक्ष जाहिद अली, सचिव संजय दुबे और सुपर स्टार सिंगर पीयूषा मनहरे ने पूरे श्रोताओं और अतिथियों में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों का जोश भर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख गायक-गायिकाओं में जाहिद अली, संजय दुबे, मोहम्मद शाहिद, मेहमूद अली, गायत्री वर्मा, डॉ. प्रदीप कुंडू, पीयूषा मनहरे, शर्मिला दत्त, माधुरी आनंद, अनिल शुक्ला, अविनाश तिवारी, कमाल अख्तर निजामी, देवाशीष महापारा, तरुण देशमुख, नीतू गोस्वामी, वर्षा तिवारी एवं वरिष्ठ कलाकार मोहम्मद खान और यूसुफ जमाल शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जयंत भरने और आभार प्रदर्शन जाहिद अली द्वारा किया गया।

## आयोजन...

# घर-घर जाकर परखा बच्चों का पोषण स्तर, बांटी गई सुपोषण किट





भिलाई। भीषण गर्मी के इस दौर में सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन और आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी और समर्पण का परिचय देते हुए घासीदास नगर क्षेत्र में गृह भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य किया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उन परिवारों के घरों का दौरा किया जिनके बच्चे कुपोषण की स्थिति में हैं। यहां हर घर में जाकर बच्चों का वजन मापा गया और पोषण स्तर की जाँच की गई। इसके पश्चात पालकों को बच्चों के समुचित शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और परामर्श प्रदान की गई। उन्हें बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण और स्वच्छता की जरूरत बताई गई। जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई ने केवल परामर्श ही नहीं दिया, बल्कि उनके द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु प्रोटीन पाउडर और सुपोषण किट भी वितरित किया गया। इन किट्स में आवश्यक विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन युक्त खाद्य सामग्री आदि शामिल थे, जो बच्चों के शारीरिक विकास को बेहतर बनाने में सहायक होंगे। इस पूरी प्रक्रिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने न केवल कड़ी मेहनत की, बल्कि समुदाय के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का भी परिचय दिया। उनका यह प्रयास बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने और समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के कार्यक्रम में जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई और आँगनबाड़ी कार्यकर्ता जीतू मनहर, उमेश्वरी रात्रे, सहायिका मारुति गुप्ता और चंचल निषाद उपस्थित होकर लोगो को सुपोषण युक्त भोजन की जानकारी दी।

## वार्डों में दी गई जानकारी

# डेंगू की रोकथाम करने निकाली जागरुकता रैली, बैनर-पोस्टर से बताया रोकथाम



भिलाई। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर भिलाई के स्लम क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं दवरा हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर जागरुकता रैली निकाली गई। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2025 की थीम के अनुसार डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा राधिका नगर अंतर्गत रैश्ने आवास, शास्त्री नगर अंतर्गत मेहमान कोल डिपो और आंगन बाड़ी के आसपास श्रमिक बस्ती, संतोषी पारा में एसएलआरएम सेंटर के पीछे हुडको क्वार्टर में आम नागरिकों में जन समुदाय में जन जागरूकता लाने के लिए से डेंगू रोधी नारों के साथ रैली निकालकर अपने शहर में स्वच्छता को अपनाते हुए डेंगू मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन प्रेरक, मितानिनों एवं जन समुदाय से उपस्थिति महिला समूह के सदस्यों को मानसून पूर्व एवं मानसून के दौरान निरंतर मच्छर लार्वा स्त्रोत, अपने घर के कूलर, पानी टंकी, ड्रम, कंटेनर वगैरह देखने, अनुपयोगी कबाड़ सामान टायर, टूटे-फूटे बर्तन, डिस्पोजल इत्यादि को वर्षा पूर्व तत्काल हटाने जैसी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। इस कार्यक्रम में निगम का विशेष दस्ता सहित वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जिला मलेरिया विभाग की टीम से मोहन राव, राजकुमार मर्सकोले, उमेश कपूर जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य सेविकाएं मितानिन प्रेरक रजनी साहू, मितानिने खिलेश्वरी साहू, अनीता यादव, रंजीता वर्मा, मधु साहू, सुनीता साहू, उमा पाटिल, सविता डाकोरे आदि मौजूद थे।

## हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली के उर्स का आयोजन

# कव्वाल निसार व नौशाद चिश्ती का सुबह तक चला कव्वाली में जंगी मुकाबला, 73वें उर्स में वरिष्ठ जनों को काबुली रत्न से किया सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

दुर्ग। हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्लाह अलैह के 73वें उर्स मुबारक पर हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल निसार एहसान चिश्ती का मुकाबला नौशाद चिश्ती दिल्ली वाले के साथ हुआ। अल सुबह तक कव्वाली का जंगी मुकाबला चला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका निगम दुर्ग महापौर अलका बाघमार, नगर निगम दुर्ग एमआईसी मेंबर नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, मोहम्मद अली हिरानी अध्यक्ष कैड उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व हर वर्ष अयाज रजा प्रोपराइटर रजा फायरवर्क्स के द्वारा किए जाने वाले आतिशबाजी का मनमोहन और शानदार प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महापौर का स्वागत सालाना उर्स पाक कमेटी अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा और पदाधिकारीयों द्वारा पुष्प हार और बैच लगाकर किया गया साथ ही उन्हें काबुली रत्न से भी सम्मानित किया गया।





### आयोजन में दिया आपसी भाईचारा का संदेश

मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार ने अपने उद्बोधन में शहर की शालीन परंपरा का स्वागत करते हुए कहा की आपसी प्रेम - भाईचारा और का जो माहौल है यह हमारे शहर की शानदार विरासत है और इस विरासत को हम सभी मिलकर संभाल कर रखें यह हमारा कर्तव्य है। मैंने यहां आते ही देखा स्टेज के ऊपर में चारों धर्म के सिंबल के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जो संदेश कमेटी ने दिया है वह स्वागत योग्य है और कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर के माध्यम से देश की सिंदूरी एकता को प्रदर्शित किया गया है और भारत की एकता को सलाम किया गया है ये हम सब की आवाज़ है। काबुली रहमतुल्लाह अलैह के 73वें उर्स की शुरुआत के अवसर पर शाही संदल का आयोजन किया गया था जिसमें देश के ज्वलंत मुद्दे आपरेशन सिंदूर की कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर को सजाया गया था। जो लोगो में चर्चा का विषय रहा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नाइट क्लब केस में यूके से गिरफ्तार हुए अमेरिकन सिंगर क्रिस ब्राउन



अमेरिकी गायक क्रिस ब्राउन को यूके के मैनचेस्टर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर इल्जाम था कि उन्होंने साल 2023 में लंदन में एक नाइट क्लब में निर्माता अबे डियाव पर हमला कर दिया था।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने ब्राउन का नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि उन्होंने मैनचेस्टर के एक होटल में 36 साल के व्यक्ति को चोट पहुंचाने के शक में हिरासत में लिया। जहां 16 मई को सुबह मैनचेस्टर मैजिस्ट्रेट कोर्ट में उनकी सुनवाई हुई। ब्रिटिश कानून के तहत आरोप दर्ज होने से पहले पुलिस संदिग्धों का नाम नहीं बता सकती। निर्माता अबे डियाव ने बताया कि फरवरी 2023 में लंदन के एक नाइट क्लब में उन पर बिना किसी वजह के ब्राउन ने हमला कर दिया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डियाव ने कहा कि ब्राउन ने उनके सिर पर बोतल से वार किया और उन्हें फर्श पर घूंसे और लात मारी। निर्माता ने गायक के खिलाफ 12 मिलियन पाउंड (16 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का मुकदमा दायर किया। घटना के समय ब्राउन यूके दौरे पर थे।

### टॉलीवुड

## पोथिनेनी के जन्मदिन पर मैत्री मेकर्स ने शेयर किया रैपो-22 टाइटिल, दिखाई झलक



साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर राम के फैंस को मैत्री मूवी मेकर्स ने खुश कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने राम की फिल्म रैपो-22 के टाइटल से पर्दा उठा दिया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर के साथ फिल्म की एक खास झलक भी दिखाई है। फिल्म 'रैपो-22' का नाम 'आंध्र किंग तालुका' है। इसके टाइटल के साथ ही मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें राम पोथिनेनी बाहें फैलाए शाहरुख खान स्टाइल में नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को देखकर ऐसा लग रहा है कि राम किसी के पोस्टर के सामने खड़े होकर खुशी से पोज दे रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'सागर की आंखें चमक रही हैं, वह ऊर्जावान है और अपने हीरो के लिए उसका प्यार देखते ही बनता है। सागर हम में से एक है। जन्मदिन की शुभकामनाएं राम पोथिनेनी। रैपो टाइटल की झलक अभी जारी! राम की इस फिल्म की झलक के बाद सेलेब्स और फैंस ने अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर देनी शुरू कर दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने कमेंट बॉक्स में लिखा, 'बधाई हो राम,इसे देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती', एक फैन ने लिखा, 'जय सुपर स्टार बॉस', एक और फैन ने लिखा, 'असली स्टार उपेंद्र का कटआउट बहुत बड़ा है', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं अन्ना', एक और फैन ने लिखा, 'मैं आपकी सारी मूवी देख चुका हूं।'

### भोजपुरी

## 'जेठानी' की शूटिंग शुरू, पहली बार रानी के साथ बतौर हीरो नजर आएंगे अयाज



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की नई फिल्म 'जेठानी' की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को लेकर फिल्म के एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही रानी की जमकर तारीफ भी की है। फिल्म में बतौर हीरो पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आ रहे एक्टर अयाज खान ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी आगामी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग को लेकर जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में दो तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर में रानी चटर्जी के साथ अयाज खान क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं - जिस पर लिखा है - 'जेठानी'। दूसरी तस्वीर भी इन दोनों स्टार्स की ही है। इस पोस्ट के साथ अयाज खान ने कैप्शन में लिखा, 'मैं और रानी जी बहुत फिल्म साथ में किये है लेकिन पहली बार में उनको हीरो बना हूं, कुछ अलग देखने को मिलेगा आप सब को रानी जी की जितनी तारीफ करूं कम है!' अयाज की इस पोस्ट पर रानी ने स्माइली दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। वहीं भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने कमेंट में लिखा, 'भाई अब आप ए में आ जाओगे। शुभकामनाएं।' एक फैन ने लिखा, 'सर शूटिंग लोकेशन क्या है', एक और फैन ने लिखा, 'मुझे बिहार पसंद है मुझे भोजपुरी पसंद है', एक और फैन ने लिखा, 'रानी जी एक भोजपुरी की लाजवाब हीरोइन है ऐसी कोई भी नहीं', एक और फैन ने लिखा, 'सुपर रानी चटर्जी', एक और फैन ने लिखा, 'खूबसूरत जोड़ा।'


## समर आउटफिट




मेंस फैशन में समर आउटफिट हल्के कपड़ों के नाम होता है। आप कह सकते हैं कि तपिश भरे इस मौसम में कपड़े भी सांस लेते हैं। कॉटन और लिनन, हल्के रंग और पेस्टल शेड्स और आरामदायक फिट पर ज्यादा ध्यान होता है। टोपी और धूप के चश्मे के साथ एक्सेसरीज पहनना भी एक आम चलन है।

## टैनिंग के कारण काली पड़ी गर्दन को साफ करने का घरेलू उपाय जानें, पहली बार में ही दिखेगा असर

अक्सर हमारी गर्दन बाहर मौजूद टैनिंग के कारण काली पड़ जाती है। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से काली पड़ी गर्दन को दाफ कर पाएंगी और त्वचा की देखभाल कर पाएंगी। काली गर्दन को साफ करने ओटमील,बेसन और गुलाब जल इस्तेमाल करें।



### काली गर्दन पर ओटमील लगाने के फायदे

ओटमील में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है। साथ ही यह स्किन से टैनिंग रिमूव करने में बेहद असरदार साबित होता है।

### गुलाब जल को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है। यह त्वचा के कालेपन को दूर करने में मदद करता है।

### बेसन को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।

### काली गर्दन को साफ करने के लिए क्या करें?

काली गर्दन को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में लगभग 2 से 3 चम्मच ओटमील डालें। इसमें 2 चम्मच बेसन और 3 से 4 चम्मच गुलाब जल की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसे आप गर्दन की काली पड़ी त्वचा पर लगा लीजिये। आप चाहे तो गर्दन पर 2 से 3 मिनट तक मसाज भी कर सकती हैं। करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी और कॉटन की मदद से साफ कर लें। साफ करने के बाद आपको पहली ही बार में फर्क नजर आने लग जाएगा। इस घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3 बार तक कर सकती हैं।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाएं खास डिजाइंस

### फैशन





अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

### शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज

आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं।

### पतली बाजू के लिए

अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे।

### चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन

अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।

### कट वर्क डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं तो स्लीव्स पर बना ये डिजाइन आपके लिए बेस्ट रहेगा।

## बिना मेकअप केवल लिपस्टिक के इन शेड्स से मिलेगा आकर्षक लुक

लिपस्टिक के शेड को चुनने से पहले आपको अपनी स्किन टोन को समझना बेहद जरूरी होता है ताकि चुना गया लिप कलर आपके चेहरे कि रौनक को बढ़ाने में मदद करें।

रोजाना से लेकर किसी पार्टी में जाने तक के लिए हम मेकअप करना पसंद करते हैं और इसके लिए मार्केट में अनेक वैरायटी के प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इन ज्यादातर आज भी रोजाना के लिए केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए कलर्स लिपस्टिक भी खरीदते हैं।

कई बार हम अपने लिए सही शेड के लिप कलर को चुनते समय कंफ्यूज हो जाते हैं और जल्दबाजी में तैयार होते समय जो पहला शेड मिला उसे लगा लेते हैं। ऐसे में कई बार लिपस्टिक का कलर हम पर सूट नहीं करता है और लुक खराब नजर आने लगता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे कलर्स जिन्हें आप बिना मेकअप करें लगा सकती हैं और अपने चेहरे की रौनक बढ़ा सकती हैं।



### डीप रेड लिप कलर

अगर आप बोल्ड कलर की लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह के डीप रेड कलर को चुन सकती हैं। यह कलर खासकर नाइट लुक में बेहद खूबसूरत नजर आता है। बता दें कि यह कलर लगभग हर इंडियन स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। इसके अलावा अगर आपके होंठ छोटे हैं तो यह कलर लिप्स को पाउटी बनाने में मदद करेगा।

## गोल्ड ज्वेलरी की सफाई करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

गोल्ड ज्वेलरी का सही तरीके से सफाई ना किया जाएं तो उनकी चमक निलक जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।हर भारतीय महिला गोल्ड ज्वेलरी पहनती है। गोल्ड ज्वेलरी पहनने पर तो काफी ज्यादा खूबसूरत लगते है लेकिन लंबे समय तक पहनने पर यह गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अगर गोल्ड ज्वेलरी की सही तरीके से सफाई ना कि जाएं तो यह खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।



### हार्श केमिकल का ना करें इस्तेमाल

अगर आप ज्यादा केमिकल वाले साबुन का इस्तेमाल अपने ज्वेलरी को साफ करने के लिए करती हैं तो यह खराब हो सकता है। हार्श केमिकल यानी ब्लीच जैसी चीजों का इस्तेमाल गोल्ड ज्वेलरी की सफाई के दौरान नहीं करना चाहिए।

### साफ करते समय किन बातों का रखें ध्यान

सोना कई तरीके का होता है।ऐसे में अगर आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करके जरूर देखें।जिस भी चीज का इस्तेमाल सफाई के दौरान कर रहे हैं उससे पैच टेस्ट करें। वरना गोल्ड ज्वेलरी का रंग केमिकल के कारण खराब भी हो सकता है।

### सही ब्रश का करें इस्तेमाल

अगर आप हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ज्वेलरी की सफाई के लिए करती हैं तो आपकी ज्वेलरी खराब भी हो सकती हैं। ऐसे में कोशिश करें की ब्रश साफ्ट ले ताकि ज्वेलरी को किसी भी तरीके का नुकसान ना पहुंचे।

गर्म पानी से आपकी गोल्ड की ज्वेलरी खराब हो सकती हैं। गहनों को साफ करने के लिए जौहरी ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपके गोल्ड की सफाई आसानी से हो जाएगी। ठंडे पानी में कम से कम 10 से 15 मिनट ज्वेलरी रखने के बाद ही उसकी सफाई करना चाहिए।

### कार्नर न्यूज

## स्किन बैरियर को ठीक रखने नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल जरूरी

# फेस वॉश या स्क्रब की तरह इस्तेमाल किए जा सकते हैं किचन इंग्रीडिएंट्स, एक बार आजमा कर देखिए

जब भी बात फेस वॉश की होती है, तो हमेशा हम ऐसा प्रोडक्ट चुनने की कोशिश करते हैं जिससे स्किन ब्राइट और लाइट हो। इसे गलती नहीं मानेंगे क्योंकि अधिकतर ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इसी तरह से एडवर्टाइज किया जाता है। पर केमिकल फेस वॉश के कारण स्किन बैरियर भी खराब होने लगता है। स्किन बैरियर को ठीक रखने के लिए नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। स्किन पर नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से काफी हद तक आप स्किन प्रॉब्लम्स से दूर रह सकते हैं। अगर बात किचन इंग्रीडिएंट्स की करें, तो ऐसी कई चीजें हैं जो ना सिर्फ फेस वॉश, बल्कि फेस स्क्रब का काम भी कर सकती हैं। ये आपकी स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट कर सकती हैं। ब्यूटी और हेयर एक्सपर्ट शहनाज हुसैन कहती हैं कि नॉर्मली हम लोग फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन चेहरे की क्लींजिंग करने के और तरीके भी हो सकते हैं। आपको चेहरे पर हार्ड केमिकल्स और साबुन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। शहनाज हुसैन के मुताबिक, आपको क्लींजिंग जेल या नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से चेहरा साफ करना चाहिए। उनके मुताबिक, दूध, तिल का तेल, गुलाब जल जैसे कई इंग्रीडिएंट्स अच्छे फेस क्लींजर्स हो सकते हैं।



### स्किन एक्सफोलिएशन और क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल करें टमाटर

विटामिन-सी बहुत ही अच्छा ऑप्शन हो सकता है आपकी स्किन को ठीक करने के लिए। अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें डेड स्किन की समस्या होती है, तो विटामिन-सी और विटामिन-ए से भरपूर टमाटर आपकी स्किन के लिए अच्छा होगा। आप इसे आधा काटकर अपनी स्किन पर रब कर सकती हैं या फिर टमाटर के जूस के साथ बेसन मिक्स कर आप उसे लगा सकती हैं।

### फेस क्लीनिंग के लिए काम आएगा तिल का तेल



अगर आपकी स्किन काफी ड्राई है और आपको स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो रही हैं, तो आप तिल का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। तिल का तेल से मसाज के लिए अच्छा होगा। आप उसके साथ 1 चम्मच ओट्स पाउडर मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं। इसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट करें।

### दूध से करें चेहरे की क्लीनिंग और एक्सफोलिएशन

अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें दूध सूट करता है और उसकी स्मेल से दिक्कत नहीं होती, तो कच्चा दूध स्किन पर लगाकर चेहरा साफ किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कच्चे दूध के साथ एक छोटा चम्मच शहद बनाकर स्किन पर 2 मिनट के लिए मसाज कर सकती हैं और उसके बाद आप चेहरा सादे पानी से धो सकती हैं। आप कच्चे दूध और ओट्स पाउडर को मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं जिससे आपकी स्किन एक्सफोलिएट हो सके।